# कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण
(प्रशासनिक शाखा)

Email-Id- Deosaran.edn@gmail.com
Mobile-no- +918544411907

पत्रांक 1642

सेवा में,

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी
जिला– सारण।
सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक
प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय, सारण।

छपरा, दिनांक 11/08/2026

विषयः– अवकाश से संबंधित आवेदन पत्र ई–शिक्षाकोष पोर्टल पर ही अपलोड करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, विभागीय निदेशानुसार दिनांक 15.08.2026 के पश्चात् प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थापित प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक/ शिक्षकों को किसी भी प्रकार के अवकाश से संबंधित आवेदन पत्र यथाः अर्जितावकाश, मातृत्वकाश, चिकित्सावकाश, शिशु देखभाल अवकाश इत्यादि को ई–शिक्षाकोष पोर्टल पर ही अपलोड करना है। अवकाश स्वीकृति आदेश भी ई–शिक्षाकोष पोर्टल पर ही अपलोड कर दिये जायेंगे। अवकाश से संबंधित कोई भी आवेदन पत्र ऑफलाईन स्वीकार नही किया जायेगा।

उक्त सूचना अपने अधीनस्थ सभी विद्यालयों में प्रसारित करते हुए आदेश अनुपालन की दिशा में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा
11/08/26

ज्ञापांक 1642 छपरा, दिनांक 11/08/2026

प्रतिलिपिः– सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– MIS प्रभारी, समग्र शिक्षा सारण को निदेश है कि इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा।
11/08/26

वेबसाईटः– https://bepsaran.in पर देखा जा सकता है।